तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 23 अप्रैल 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4

भूविस्थापितों ने कुसमुंडा व गेवरा खदान की बंद, कोल उत्खनन व डिस्पैच कार्य बाधित




छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# हसदेव में नहीं मिलेगा सीवरेज का पानी, 5 स्टार रेटिंग का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर


नगर निगम स्वच्छता सर्वेक्षण में वाटर प्लस केटेगरी यानी फाइव स्टार रेटिंग के लिए दावा पेश करेगा। किसी शहर से निकलने वाले सीवरेज और गंदे पानी को पूरी तरह से साफ कर उसका उपयोग करने वाले को ही फाइव स्टार रेटिंग दी जाती है। जिसके लिए नगर निगम ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम एनटीपीसी के साथ एक एमओयू साइन किया है। जिसके तहत निगम के 11 बड़े नालों से निकलने वाला शहर का गंदा पानी हसदेव नदी में छोड़ा जाता था। अब गंदे पानी को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के जरिए साफ कर उसे एनटीपीसी को बेचने की योजना है।

जिससे निगम द्वारा पानी के ट्रीटमेंट पर किया जाना वाला खर्चा रिकवर होगा। दूसरी तरफ गंदे पानी का उपचार भी संभव होगा। इन कामों के दम पर नगर निगम केंद्र सरकार के स्वच्छता सर्वेक्षण में वाटर प्लस कैटेगरी के लिए दावा पेश करने की तैयारी में है। शहर से प्रतिदिन निकलने वाले सीवरेज वाटर का ट्रीटमेंट कर फिर से उपयोग करने के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है। पहले ही नगर निगम और एनटीपीसी प्रबंधन के मध्य इस प्लांट की स्थापना के लिए एमओयू किया जा चुका है। इसकी कुल लागत 168.95 करोड़ होगी। जिसका 20 प्रतिशत राशि का अंशदान नगर निगम का है। शेष राशि राज्य, केंद्र और एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा दी जाएगी। शहर से प्रतिदिन उत्सर्जित होने वाले सीवरेज वाटर का ट्रीटमेंट कर इसे एनटीपीसी को उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी योजना का इंतजार लंबे समय से किया जा रहा था। अब यह योजना मूर्त रूप लेने जा रही है। टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जल्द कार्यदेश भी जारी किया जाएगा। फिलहाल नगर निगम 3 स्टार रेटिंग वाला निगम है। एसटीपी के जरिए टीटीपी में पानी भेजकर शहर के 11 नालों से निकलने वाले गंदे पानी का ट्रीटमेंट कर इसे 7.50 रूपये प्रति हजार लीटर के दर से एनटीपीसी को बेचने की योजना है। यह काम काफी जल्दी शुरू हो जाएगा। इस परियोजना के बाद नगर निगम केंद्र सरकार के स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग में फाइव स्टार रेटिंग के लिए वाटर प्लस कैटेगरी में दावा पेश करेंगे।

## नगर निगम करेगा स्वच्छता सर्वेक्षण में वाटर प्लस कैटेगरी में रेटिंग

**खास बात**

- सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के जरिये साफ होने वाला पानी बेचा जाएगा एनटीपीसी को



### एनटीपीसी करेगा 14 करोड़ से टीटीपी का निर्माण

इसके लिए एसटीपी के अलावा टर्शरी ट्रीटमेंट प्लांट (टीटीपी) की स्थापना एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा की जाएगी। जिसकी लागत 14 करोड है। एसटीपी की क्षमता 34 एमएलडी है। जबकी टीटीपी की क्षमता 20 एमएलडी होगी। इतना ही पानी इस परियोजना से नगर निगम द्वारा एनटीपीसी को विक्रय किया जाएगा। सीवरेज के पानी को साफ करने के बाद एसटीपी से इस पानी को टीटीपी में भेजा जाएगा। जहां इसे 3 चरण में साफ करने के बाद एनटीपीसी को बेचा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### डॉ.भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह 27 को

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी, जिला कोरबा द्वारा डॉ.भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह का आयोजन 27 अप्रैल की दोपहर 2 बजे से गीतांजलि भवन, पुराना बस स्टैंड, कोरबा में किया जाएगा। यह समारोह संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने एवं उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। डॉ.अंबेडकर का जीवन संघर्ष, सामाजिक न्याय की स्थापना एवं शिक्षा के प्रति उनका योगदान आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महान हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रमुख अतिथि मुख्य वक्ता विधायक सुशांत शुक्ला, अध्यक्षता श्रम, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री लखनलाल देवांगन, विशिष्ट अतिथि डॉ. पवन सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला संयोजक पवन गर्ग, कार्यक्रम संयोजक सरजू अजय, जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### स्कूल भवन के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें : कलेक्टर

**कोरबा।** कलेक्टर वसंत ने जनपद सीईओ के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने टीएल के एक वर्ष से अधिक समय से लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आदिवासी विकास विभाग, शिक्षा-डीएमसी तथा अलग-अलग जनपदों के अंतर्गत स्वीकृत स्कूल भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि डीएमएफ अंतर्गत प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त सभी भवनों का काम प्रारंभ करें, इसके साथ ही डोर लेबल तक कंप्लीट हो चुके कार्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी कार्य में वसूली के प्रकरण लंबित न रहें। कलेक्टर ने पीएम आवास योजना अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए आवास निर्माण के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

### आंबा कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पदों दावा आपत्ति 2 तक

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा ग्रामीण अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र अघरियापारा एवं खोड्डल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1-1 कुल दो पद एवं आंगनबाड़ी केन्द्र उरगा, सोनगुढ़ा, गहनिया व दूधीटांगर में आंगनबाड़ी सहायिका के 1-1 कुल 4 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु इच्छुक आवेदिकाओं से आवेदन मंगाया गया था। जिसका मूल्यांकन समिति द्वारा प्रावधिक मूल्यांकन पत्रक तैयार किया गया है। उपरोक्त प्रावधिक मूल्यांकन पत्र कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना ग्रामीण के सूचना पटल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के सूचना पटल में चस्पा किया गया है। जारी मूल्यांकन पत्रक में दावा आपत्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थी से 2 मई तक प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा ग्रामीण जिला-कोरबा में संपूर्ण साक्ष्य सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा।

## रेत तस्करों के खिलाफ जिले में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

# रेत तस्करों पर कसा शिकंजा, दो चैन माउंटेन जेसीबी सहित 20 गाड़ियों को किया गया जब्त




कार्यवाही के दौरान जप्त की गई चैन माउंटेन।




जप्त किए गए वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कई रेत घाट ऐसे हैं जिनको खनिज विभाग ने भले ही बंद कर दिया है लेकिन उन घाटों में रेत तस्करों ने अपना कब्जा जमा लिया था और बड़े पैमाने पर चैन माउंटेन, जेसीबी मशीन लगाकर रेत निकासी कर बड़े-बड़े हाईवा में रेत का परिवहन कर खनिज विभाग को लगातार लाखों का चूना लगा रहे थे जैसे ही इसकी भनक खनिज विभाग के अफसर के कानों तक पहुंची कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने एक दिन में ही ताबड़तोड़ कार्रवाई की है और दो चैन माउंटेन सहित लगभग 20 गाड़ियों को जप्त करने में खनिज विभाग की टीम ने सफलता हासिल की है। पिछले कुछ वर्षों में खनिज विभाग की सबसे बड़ी कार्यवाही बताई जा रही है। खनिज विभाग की कार्यवाही से रेत तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

उल्लेखनीय है कि जिले के नदी नाले में बड़े पैमाने पर रेत निकासी होती है। इन नदी नालों में अवैध रूप से रेत तस्करों ने अपना कब्जा जमा लिया था और बड़े पैमाने पर जेसीबी मशीन, चैन माउंटेन मशीन लगाकर लगातार रेत की चोरी कर रहे थे। साथ ही जिन रेत घाटों को संचालन की सुविधा दी गई है उन रेतघाटों में दूसरे दिन की पर्ची या फिर ओवरलोड कर रेत की लगातार चोरी कर रहे थे। लगातार इस तरह की शिकायत सामने आने पर कलेक्टर अजीत बसंत के निर्देश पर उपसंचालक खनिज विभाग प्रमोद कुमार नायक ने रेत तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करने का फरमान जारी किया था। जिसके बाद सहायक खनिज अधिकारी उत्तम खूंटे, खनिज इंस्पेक्टर खिलवान कुलार्य व उनकी टीम ने मंगलवार की अलसुबह जिले के अलग-अलग स्थान पर छापामारी की कार्यवाही की जहां खनिज विभाग की टीम ने खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम हेतु ग्राम सीतामणी, पताड़ी, सरगबुंदिया, झींका आदि क्षेत्रों में जांच के दौरान अभिवहनपास में अंकित मात्रा से अधिक खनिज रेत के परिवहन/अवैध परिवहन में 5 ट्रेक्टर, 6 टिप्पर, 4 हाईवा एवं अवैध भंडारण में 1 हाईवा तथा अवैध उत्खनन में 2 चैन माउंटेन मशीन, अभिवहनपास में अंकित मात्रा से अधिक खनिज गिट्टी के परिवहन/अवैध परिवहन में 1 हाईवा, 1 ट्रैलर कुल 20 वाहन/मशीन खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत जप्त कर अग्रिम कार्यवाही/आदेश तक खनिज जांच नाका उरगा में खड़ा कराया गया है।

**खास बात**

- कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने अलग-अलग स्थानों में मारा था छापा

### तड़के 3 बजे शुरू किया गया था धरपकड़ का अभियान

रेत तस्करो के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करने के लिए खनिज विभाग ने पहले से एक्शन प्लान तैयार किया था और खनिज विभाग के सहायक खनिज अधिकारी उत्तम खूंटे, खनिज इंस्पेक्टर खिलावन कुलार्य मंगलवार की अलसुबह 3 बजे ही अलग-अलग क्षेत्रों पर जा धमके और फिर क्या था पुलिस व खनिज विभाग की टीम ने तड़के 4 बजे से जो धर पकड़ अभियान शुरू किया और तस्करों के होश उड़ गए और यह अभियान तड़के 4 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक जारी रहा। खनिज विभाग के अधिकारियों का मानना है कि पिछले कुछ वर्षों में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है। खनिज विभाग के अधिकारियों ने इस कार्यवाही से अपनी मंशा साफ जाहिर कर दी है कि इस अवैध कारोबार से जुड़े लोगों को बिल्कुल बख्शा नहीं जाएगा और इन गाड़ियों को जप्ती कर भारी भरकम जुर्माना के साथ खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई भी की जा रही है।

# घायल हमाल की उपचार के दौरान मौत मार्कफेड ने नहीं दी बीमा की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रतिवर्ष धान खरीदी की शुरुआत होते ही धान खरीदी केंद्रों में हमाली का काम करने वाले मजदूरों का मार्कफेड द्वारा बीमा कराया जाता है। घायल होने या मौत होने पर उसे बीमा की राशि प्रदान की जाती है। किंतु जनवरी माह में धान उपार्जन केंद्र बरपाली में बोरी गिरने की घटना से एक हमाल घायल हुआ था जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई है।



मृतक श्याम

**खास बात**

- धान की बोरी गिरने से घायल हुआ था हमाल

उसके बावजूद मार्कफेड से मृतक के परिजनों को किसी तरह की बीमा राशि नहीं मिली है।

धान उपार्जन केंद्र बरपाली में श्याम सिंह कंवर हमाली का काम करता था। प्रतिदिन की तरह वह 27 जनवरी को धान खरीदी केंद्र बरपाली में काम करने गया हुआ था और केंद्र में खरीदे गए धान के स्टॉक को तिरपाल से ढकने का काम कर रहा था इसी दौरान 10 से 15 धान बोरी श्याम सिंह कंवर के उपर गिर गया। एकाएक हुई इस घटना से श्याम सिंह संभल नहीं पाया और धान से भरी बोरियों के नीचे दब जाने से गंभीर रुप से घायल हो गया। आनन फानन में उसे उपचार के लिए चांपा अस्पताल ले जाया गया। जहां प्रारंभिक चिकित्सा के बाद उसे बिलासपुर के निजी चिकित्सालय में दाखिल कराया गया। इस दौरान घटना की पूरी जानकारी विपणन विभाग, जिला सहकारी बैंक और सहकारिता विभाग को दी गई। बीमा होने के कारण विपणन विभाग को उपचार के लिए घायल श्याम सिंह के परिजनों को बीमा की राशि दी जानी थी जो उसे नहीं मिली। इस दौरान उपचार के दौरान उसकी कुछ दिन पूर्व मौत हो गई। उसके बावजूद आज तक श्याम सिंह कंवर के परिजनों को किसी तरह की राशि नहीं मिली है।

### बैंक के पत्र को भी मार्कफेड ने नहीं लिया गंभीरता से

इस घटना को लेकर जिला सहकारी बैंक मर्यादित बिलासपुर की कोरबा शाखा के द्वारा जिला विपणन अधिकारी को 1 फरवरी को पूरी घटना से अवगत कराते हुए बीमा का क्लेम राशि देने के लिए पत्र प्रेषित किया था। उसके बावजूद विपणन अधिकारी ने बैंक के पत्र को गंभीरता से नहीं लिया। बैंक के सहायक नोडल अधिकारी के द्वारा पूर्व में दिए गए पत्र का हवाला देते हुए 28 मार्च को दोबारा पत्र प्रेषित किया गया। 20 दिन बाद भी 22 अप्रैल तक मृतक श्याम सिंह के परिजनों को मार्कफेड ने बीमा की राशि नहीं दी है। जबकि उसके इलाज में डेढ़ लाख रुपए का खर्च आया है। पत्र में बैंक के द्वारा उपचार में खर्च हुई पूरी राशि का विवरण भी मार्कफेड को भेजा गया है और बीमा पॉलिसी के तहत क्लेम दिलाने के लिए चिकित्सा बिल एवं आवश्यक दस्तावेज भी दिए गए थे।

# आरक्षक की खड़ी कार में लगी आग, शराब जब्ती की डस्टर कार भी आई जद में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले में सूर्य की तपिश इतनी तेज हो गई है कि तापमान लगभग 44 डिग्री के आसपास जा पहुंचा है इससे आसमान के गोले बरस रहे हैं। बालको थाना परिसर में एक आरक्षक की खड़ी कार में अचानक आग लग जाने से हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड की टीम को इसकी सूचना मिली तो टीम मौके पर पहुंची और आग को काबू कर पाती कि परिसर में शराब जप्ती के मामले में खड़ी डस्टर कार भी उसकी जद में आ गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने किसी तरह आग को काबू किया लेकिन तब तक स्वीफ्ट कार पूरी तरह से जल कर स्वाहा हो चुका था।

बालको थाना परिसर में मंगलवार की दोपहर लगभग 3 बजे उस समय हड़कंप मच गया जब थाने में पदस्थ आरक्षक डेविड निराला की कार में अचानक आग लग गई। पुलिसकर्मियों ने फायर सेफ्टी उपकरणों से आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी कि आग को काबू नहीं किया जा सका और आग इतनी तेज थी कि कार पूरी तरह से जल गई। बताया जाता ⏭ शेष पेज 3 पर

# तेज रफ्तार बाइक टकराई ट्रक से, एक की मौत, दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केंदई महादेवपारा निवासी अर्जुन सिंह बिंझवार अपने मोटर सायकल सजी 10 बीसी 1674 में मनहरण बिंझवार के साथ ग्राम सरभोका वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने सुबह करीबन 10 बजे घर से निकला था, जो सरभोका से वापस ग्राम ढोढाबहार देवचरण के घर रात्रि करीबन 10 बजे दोनो पहुंचे थे वहां से खाना खाकर दोनों घर जाने के लिये निकले थे मोटर सायकल को अर्जुन चला रहा था एवं पीछे मनहरण बिंझवार को बैठाया था जो रात्रि करीबन 11:30 बजे कापानवापारा के आगे मेनरोड में ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 5781 का चालक जो कटघोरा से अम्बिकापुर की ओर जाने के लिये ट्रक को रोड में बिना सांकेतिक चिन्ह लगाये एवं बिना एंडीकेटर जलाये रोड में खड़ा किया था जिससे अर्जुन बिंझवार रात्रि होने से ट्रक में कोइ सांकेतिक चिन्ह एवं वाहन का इंडीकेटर नहीं जले होने से अपने मोटर सायकल से ट्रक के पिछले हिस्से में टकरा गया। जिससे अर्जुन बिंझवार की सिर में गंभीर चोट आने से मौके पर ही मृत्यु हो गई एवं मनहरण बिंझवार को भी सिर में गंभीर चोट लगा है जिसे एम्बुलेंस की सहायता से पोंड़ी उपरोड़ा अस्पताल लाकर भर्ती किये जहां से रीफर करने पर जिला अस्पताल कोरबा में भर्ती किया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## बांध में मात्र 32 फीसदी जलभराव, 4500 क्यूसेक छोड़ा जा रहा है हाईडल से पानी

# अप्रैल में 4 साल में पहली बार बांगो के सूखे कंठ, फिर भी हाईडल की नहीं थमी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

प्रदेश के सबसे बड़े बांगो बांध में अप्रैल के महीने में ही इस बार जल स्तर इतना कम हो गया है कि पिछले 3 वर्षों में सबसे कम जलस्तर लगभग 32 फीसदी जा पहुंचा है और बांध में बना हाइडल प्लांट अभी भी इसी तेजी से चलता रहा तो 15 जून तक यह जल स्तर लगभग 25 फ़ीसदी तक गिरने की उम्मीद जताई जा रही है। गिरते जल स्तर से जल संसाधन विभाग के अधिकारी भी चिंतित हैं। हालांकि आने वाला महीना वर्षा ऋतु का है। इसलिए विभाग के अधिकारी पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि बारिश के सीजन में बांगो डेम के कैचमेंट इलाके में बेहतर बारिश होगी और बारिश होते ही बांध एक बार फिर से लबालब हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर बांगो बांध बनाया गया है। जिसकी कुल जलभराव की क्षमता 359.66 मीटर है। इस साल बांगो बांध के केचमेंट इलाके में बेहतर बारिश हुई थी जिसके चलते बांगो बांध लबालब हो गया था और बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को भी पूरी रफ्तार से चलाया गया था लेकिन इसके बाद भी पानी का वाटर लेवल मैनेज नहीं होने पर बांध के गेट को खोलने की नौबत आ गई थी लेकिन इसके बाद भी बांध में भरपूर पानी था लेकिन पिछले कुछ वर्षों के आंकड़ों पर बात करें तो अप्रैल के महीने में इस बार बांगो बांध का जलस्तर लगभग 32 फ़ीसदी जा पहुंचा है जो एक चिंता का विषय है। बताया जाता है कि जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक रबी फसल के लिए किसानों द्वारा पानी की लगातार डिमांड की जा रही है। जिसके चलते बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को लगातार फुल लोड पर चलाया जा रहा था। अभी मौजूदा स्थिति में बांध में बने हाइडल प्लांट को 36 घंटे संचालित किया जा रहा है। जिससे 4500 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा है। जिसकी वजह से हसदेव नदी पर बने दाएं और बाएं तट नहर के माध्यम से किसानों को फसल के लिए भरपूर पानी दिया जा रहा है। मंगलवार की स्थिति में बांगो बांध का जलस्तर 345.30 मीटर जा पहुंचा है जो ⏭ शेष पेज 3 पर

### बांध की अप्रैल माह में वर्षवार जलभराव की स्थिति

| वर्ष | जल भराव क्षमता | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 2022 | 351.37 | 56 प्रतिशत |
| 2023 | 353.35 | 65 प्रतिशत |
| 2024 | 349.97 | 50 प्रतिशत |
| 2025 | 345.30 | 32 प्रतिशत |

### एक दर्जन बकरे की हुई चोरी, मामला दर्ज

**कोरबा।** पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिल्ली निवासी किर्ती कुमार पिता स्व नंदूराम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह खेती किसानी का काम करता है। 20 अप्रेल को किर्ती कुमार अपने बकरी-बकरा को शाम को चराकर घर के कोठा में बंद किया था कि और रात में खाना खाने के बाद खेत तरफ धान फसल को देखने चला गया था। रात लगभग 10.30 बजे वापस आया और घर में सो गया। सुबह जब वह उठा तो देखा कि घर के साईड को दिवाल को फोड़ कर अन्दर घूसकर बकरी- बकरा को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, जिसकी कीमती लगभग 65 हजार रूपये होगी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

## खबर संक्षेप

### युवक पर लाठी से हमला, सिम्स में भर्ती

**बिलासपुर।** जमीन सीमांकन कराने कोटा गए एक युवक पर तीन लोगों ने लाठी से जानलेवा हमला कर दिया है। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। कोटा थाना के एसआई राज सिंह ने बताया, कोतवाली क्षेत्र के सदर बाजार निवासी रतेश सलूजा चार माह पूर्व सदरबाजार निवासी अजय सिंह ठाकुर के साथ मारपीट कर दिया था। घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाने में लिखाई गई थी। उसके बाद दोनों के बीच रंजिश चल रही थी। 22 अप्रैल को रितेश सलूजा जमीन का सीमांकन कराने कोटा मोहनभाठा गए। इसी दौरान अजय ठाकुर अपने अन्य दो साथियों के साथ आया और पुरानी रंजिश का हवाल देते हुए रितेश पर लाठी से ताबड़तोड़ हमला कर फरार हो गए। घायल रितेश सलूजा को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रितेश सलूजा की रिपोर्ट पर अजय ठाकुर एवं अन्य दो के खिलाफ बीएनएस की धारा 109 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### शादी का झांसा देकर युवती से अनाचार

**बिलासपुर।** शादी का झांसा देकर युवती से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोनी टीआई किशोर केंवट ने बताया, एक युवती की सीपत नरगोड़ा निवासी टिकम प्रसाद केसकर से 3 साल से दोस्ती थी। पिछले दिनों दोनों कोनी क्षेत्र के ग्राम पौंसरा रिश्तेदारी में शादी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। उसी दौरान युवक ने शादी करने का आश्वासन देकर शारारिक संबंध बनाया। उसके बाद शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### 117 लीटर महुआ शराब जब्त, 2 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** आबकारी विभाग की टीम लगातार दबिश देकर अवैश शराब विक्रेताओं पर कार्रवाई कर रही है। पिछले दो दिनों में बिल्हा क्षेत्र के हिर्री और चकरभाठा में आबकारी विभाग की टीम पहुंची और 5 जगहों पर छापा मार कार्रवाई की गई। इस दौरान 5 प्रकरण भी बनाए गए हैं। आबकारी ने कार्रवाई करते हुए 117 लीटर महुआ शराब और 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं 3 अजमानतीय प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इस दौरान आबकारी ने हिर्री के ग्राम खजूरी प्रमोद महिलांगे पिता भागीरथी से 35 लीटर को गिरफ्तार बोदरी चकरभाठा के तालाब में 75 ली महुआ शराब और 780 किलो महुआ लहान मिला है। वहीं दो दिन पहले ही हिर्री के ग्राम सकर्रा में आरोपी हेमप्रकाश चक्रधारी के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब एवं 30 कि ग्राम महुआ लहान जब्त की गई है। विभाग ने दोनों आरोपी को जेल भेज दिया है।

### बुलेट चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने चोरी करने वाले एक युवक को पकड़कर चोरी की दो



बुलेट बरामद किया है। सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली दीनदयाल कालोनी निवासी अविनाश पात्रे उर्फ पिंटू पिता सत्यप्रकाश पात्रे 52 साल चोरी की बुलेट में घूम रहा है। पुलिस ने उसके घर में दबिश दी तो कपड़े में ढका दो बुलेट मिला। पूछताछ करने पर उसलापुर रोड पैसिफिक रेस्टारेंट व शिक्षक कालोनी से चोरी करना स्वीकार किया लिया। पुलिस दोनों बुलेट जब्त कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### लापता नाबालिग सौंपे गए परिजनों को

**बिलासपुर।** पुलिस ने लापता हो चुके तीन नाबालिग बच्चों को बरामद कर परिजनों को सौंपा है। सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली कि अटल आवास निवासी दो व भारतीय नगर निवासी एक नाबालिग बच्चा लापता हो गया है। थाना प्रभारी ने टीम बनाकर बच्चों की पतासाजी करने का निर्देश दिया। इस दौरान टीम को सूचना मिली कि उसलापुर रेलवे स्टेशन में बताए गए हुलिए के अनुसार दो बच्चे दिखाई दिए हैं, जिसे पूछताछ कर पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया। वहीं भारतीय नगर से लापता हुए बच्चे को पुलिस ने बरामद कर परिजनों को सौंपा है।

### ओबीएचएस ड्रेस पहनाकर ट्रेन में कराया सफर, पकड़े गए स्टाफ

**बिलासपुर।** हीराकुंड एक्सप्रेस में कामर्शियल विभाग के अचानक की गई जांच के दौरान ओबीएचएस स्टाफ तीन व्यक्तियों को ड्रेस पहनाकर सफर करा रहा था, जिसके लिए उसने तीनों से राशि भी ली थी। जांच और पूछताछ के बाद कामर्शियल अधिकारियों ने दो ओबीएचएस सुपरवाइजर को आरपीएफ के हवाले कर दिया है, जिनके खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। वरिष्ठ मंडल प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर अनाधिकृत वेंडरों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से मंडल वाणिज्य प्रबंधक एस भारतीयन के नेतृत्व में वाणिज्य निरीक्षक, वाणिज्य पर्यवेक्षक व टीम ने जांच अभियान चलाया।




### तपती धूप में ट्रेन पकड़ने की मजबूरी

**बिलासपुर।** उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन में अब तक किसी भी रेल अफसरों ने प्लेटफार्म पर लगे शेड को विस्तार करने की ओर ध्यान नहीं दिया है। इसकी वजह से भीषण गर्मी और दोपहर की तेज धूप में यात्री मजबूरी में ट्रेन पकड़ने के लिए प्लेटफार्म पर खड़े होकर इंतजार कर रहे हैं। इसके साथ ही आदर्श स्टेशन के प्लेटफार्म की लंबाई भी ट्रेन से काफी कम है, जिसके कारण ट्रेन के एसएलआर कोच प्लेटफार्म से बाहर निकल जा रहे हैं। स्टेशन में सुबह से शाम तक आने-जाने वाली ट्रेनों में नर्मदा एक्सप्रेस, बरौनी एक्सप्रेस, शहडोल लोकल, नौतनवा एक्सप्रेस, संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, मंगलवार और बुधवार को चलने वाली जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर एक्सप्रेस और गरीब रथ शामिल है, जिसमें लगाए गए कोच के अनुसार यात्रियों को शेड के नीचे खड़े होकर इंतजार करने की सुविधा रेल प्रशासन ने नहीं दी है। इसकी वजह से सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक आने-जाने वाली ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को काफी दिक्कत हो रही है।

एटीआर व मुंगेली में विस्थापन की चल रही प्रक्रिया

# शिवतराई पंचायत की आपत्ति से अटका एटीआर के 16 गांव का विस्थापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व के 19 गांव में तीन गांव के विस्थापन की प्रक्रिया मुंगेली जिले में शुरु कर दी गई है, लेकिन अब तक 16 गांव की ओर से चिन्हांकित शिवतराई की जमीन में विस्थापन का मामला केवल पंचायत की आपत्ति की वजह से अटका पड़ा है। इसके कारण एटीआर प्रबंधन को भी परेशानी हो रही है।

एटीआर जंगल में बसे ग्रामीणों को दूसरे स्थान पर विस्थापित करने की प्रक्रिया करीब 12 वर्ष से चल रही है। पूर्व में 6 गांव में रहने वाले लोगों को लोरमी और मुंगेली क्षेत्र में विस्थापित करने के उपरांत चार साल से कोर जोन में बसे तीन गांव बिरारपानी, छिरहट्टा और तिलईडबरा के करीब 133 परिवारों के विस्थापन करने का कार्य हो रहा है। पूर्व राज्य सरकार ने ग्रामीणों को विस्थापित करने के लिए 500 करोड़ रुपए से अधिक राशि का बजट प्रस्ताव बनाया, लेकिन बाद में यह योजना भी ठंडे बस्ते में चली गई। एक बार फिर तीनों गांव बिरारपानी, छिरहट्टा और तिलईडबरा के ग्रामीणों के विस्थापित की योजना शुरु कर दी गई है, जिनके 171 परिवार के लिए मुंगेली के सावतपुर और भरतपुर में 255.300 हेक्टेयर जगह चिन्हांकित की गई



है। इन 171 परिवार में से प्रत्येक परिवार को 15-15 लाख रुपए की राशि दी जानी है, ताकि वे एटीआर को खाली करने के बाद दूसरे स्थान पर चले जाएं। सेन्ट्रल से राशि का आबंटन नहीं होने की वजह से विस्थापन कार्य की प्रक्रिया धीमी गति से चल रही है। इसी तरह बचे हुए 16 गांव अचानकमार, बिंदावल, सारसडोल, छपरवा, लमनी, अतरियाखार, रंजकी, सुरही, अतरिया, बम्हनी, कटामी, जांकडबांधा, निवासखार, महामाई, डंगनिया और राजक एवं बफर जोन में जमुनाही, बोईरहा, पटपरहा, चकदा व सिवलखार के ग्रामीणों को भी जगह चिन्हांकित करने कहा गया था, जिन्होंने अचानकमार टाइगर रिजर्व के पहले शिवतराई के पास खाली जमीन पर रहने अपनी ओर से अनुमति भी प्रदान कर दी। ग्रामीणों के जगह चिन्हांकित करने के बाद एटीआर प्रबंधन ने शिवतराई में देखी गई जगह पर काम शुरु करना चाहा, लेकिन इस काम में शिवतराई पंचायत की ओर से आपत्ति लगा दी गई। इसके कारण अब 16 गांव के विस्थापन का मामला भी अधर में अटक गया है।

### 3 गांव के 111 को चाहिए निवास

एटीआर प्रबंधन के अनुसार वर्तमान में मुंगेली के भरतपुर में बिरारपानी और छिरहट्टा के ग्रामीणों को और सावतपुर में तिलईडबरा के ग्रामीणों को विस्थापन करने का कार्य किया जाना है। इसमें 133 परिवार हैं, जिसमें से 15 लोगों ने आप्शन वन के तहत 15 लाख रुपए की मांग की है। वहीं 111 परिवार मकान, खेत व अन्य सुविधाएं लेना चाहते हैं। इसमें प्रति परिवार को 2.3 हेक्टेयर जमीन देने का प्रावधान है।

### नहीं मिल रहा अनापत्ति प्रमाण पत्र

19 गांव में से तीन गांव तिलईडबरा, बिरारपानी, छिरहट्टा में रहने वाले 171 परिवार के लिए मुंगेली में जगह चिन्हांकित की गई है। इसके लिए स्टेट वाइल्डलाइफ बोर्ड की तरह केन्द्रीय बोर्ड भी होती है, जिससे एप्रुवल मिलने के बाद तीनों गांव का विस्थापन कर दिया जाएगा। प्रत्येक परिवार को 15-15 लाख रुपए दिया जाना है। इसी तरह 16 गांव के लोगों ने भी शिवतराई के पास वन विकास निगम का एरिया है, जिसे पसंद किया है। यहां लोग जाना चाहते हैं, लेकिन शिवतराई पंचायत की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहा है।

**-गणेश यूआर,** डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर


## रात में जला ट्रांसफार्मर 400 घरों में बिजली बंद

**बिलासपुर।** बीती रात करीब 12 बजे सरजू बगीचा क्षेत्र के ट्रांसफार्मर में आग लग गई, प्रचंड आग के चलते आसपास के बिजली तार जलकर राख हो गए। ट्रांसफार्मर बनाने में बिजली विभाग को पूरा दिन लग गया और अगले दिन शाम 5 बजे बिजली सप्लाई नार्मल हो सकी। इस दौरान 400 घरों में बिजली बंद रही, जिसके चलते उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बिजली विभाग की लचर व्यवस्था को लेकर उपभोक्ताओं कोसते रहे।

■ **44 डिग्री में उबले लोग**

सरजू बगीचा में लगे 200 केवी का ट्रांसफार्मर सोमवार की रात को जल गया। आग इतनी भयंकर थी कि आग की लपटे आसापास के केबलों को भी राख कर गई। इस दौरान टीवी केबल भी जल गए। गोल बाजार जोन व फ्यूज कॉल को इसकी सूचना दी गई, लेकिन रात में ट्रांसफार्मर बदला नहीं जा सका। सुबह 10 बजे बिजली कर्मचारियों ने खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर लाइन शुरू कराई।

इस दौरान मरम्मत में काफी समय लग गया। शाम 5 बजे के बाद ही सप्लाई नार्मल हो सकी। 44 डिग्री तापमान में 400 घरों के 1800 लोगों को गर्मी और उमस से परेशान होना पड़ा।



### पानी के लिए तरसे लोग

ट्रांसफार्मर जलने के कारण कई घरों में पानी नहीं पहुंच सका। दरअसल कुदुदंड स्थित मेन टंकी से पानी की सप्लाई होती है लेकिन सरजू बगीचा स्थित बोर द्वारा क्षेत्र के अंदर गली मोहल्लों तक पानी पहुंचाई जाती है। सुबह 9 बजे के बाद ज्यादातर घरों में पानी नहीं पहुंच सका, इस दौरान 1 हजार से अधिक लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ा।

### बदला गया है ट्रांसफार्मर

रात में ट्रांसफार्मर बदला जाना मुश्किल था, दिन में ट्रांसफार्मर बदला गया है। दोपहर को ट्रांसफार्मर लगाकर चालू किया गया, लेकिन केबल में फाल्ट आने के कारण केबल भी बदला गया है। इसलिए थोड़ी देरी हुई है।

**-प्रीता एक्का**
एई, गोल बाजार जोन

## शनिचरी में विवाद, इमलीपारा में अवैध कब्जा तोड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बार-बार चेतावनी के बाद भी सड़क तक दुकान लगाने वाले दोना पत्तल, झौहा टोकनी दुकान में कार्रवाई करने पहुंचे निगम के अतिक्रमण निवारण अमले से शनिचरी बाजार में जमकर विवाद और झूमा झटकी की गई। व्यापारियों ने खुद सामान फेंक आग लगाने की धमकी तक दे डाली। इससे काफी देर तक तनाव की स्थिति रही। इसके बावजूद निगम अमले ने कारोबारी का सड़क तक फैला सामान जब्त कर लिया।

वही हंगामा करने वाले कारोबारी को पुलिस उठाकर सिटी कोतवाली ले गई। इसके बाद आसपास के कारोबारियों में हड़कम्प मच गया। कारोबारी अपने सामान को बचाने खुद अंदर करने लगे। वही जिन





## सिरगिट्टी क्षेत्र के खाईवाल सहित दो लोग गिरफ्तार, पहुंचे जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिरगिट्टी क्षेत्र में बेखौफ सट्टा खिलाने वाले खाईवाल सहित दो लोगों को पकड़कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। दोनों को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

■ **कमीशन पर आदमी रखकर खिला रहा था सट्टा**

सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार को सूचना मिली शांतिनगर तिफरा चौक निवासी धनलाल साहू उर्फ पेंटर पिता बैकल साहू 48 साल कमीशन में आदमी रखकर तिफरा बाजार चौक में सट्टा खिला रहा है। श्री परिहार के निर्देश टीआई रजनीश सिंह ने स्टाप के साथ बाजारपारा में दबिश देकर सट्टा खिलाते अजय कुमार सिदार पिता विजय सिदार 25 साल को पकड़ लिया। उसके पास



से 1990 नकद रकम, एक मोबाइल व सट्टापट्टी बरामद किया गया है। पूछताछ में उसने कमीशन में शांतिनगर तिफरा निवासी खाईवाल धनलाल साहू उर्फ पेंटर पिता बैकल साहू 48 साल के लिए सट्टा खिलाना स्वीकार कर किया। उसके निशानदेही पर पुलिस ने खाईवाल धनलाल साहू उर्फ पेंटर को पकड़ा। पुलिस ने छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 ख, 112, 2 के तहत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

## स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बिलासपुर।** एक बार फिर शहर के अंदर तेज रफ्तार स्कार्पियो के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए पीछे से बाइक सवार युवक को टक्कर मार दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों की भीड़ एकत्रित होने पर ड्राइवर स्कार्पियों छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने स्कार्पियो जब्त कर लिया है।

सिविल लाइन थाना के एएसआई राजेशधर दीवान ने बताया, 22 अप्रैल को सुबह 10 बजे चिंगराजपारा निवासी जुगरू केंवट पिता स्व. हरीराम केंवट 28 साल बाइक क्रमांक सीजी 10 ईजी, 7994 में अनिश महराज को बैठाकर तिफरा छोड़ने गया था। अनिश को छोड़ने के बाद वह अपने भाई फागुराम केंवट के लेने के लिए राजीव गांधी चौक जा रहा था। महाराणाप्रताप चौक पार कर एसबीआर कालेज के पास पहुंचे था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार आ रही स्कार्पियो क्रमांक सीजी 10 बीए, 0937 के ड्राइवर ने लापरवाह पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे जुगरू केंवट बाइक सहित सड़क में गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। भीड़ को देखकर ड्राइवर स्कार्पियो सड़क में खड़ी कर भाग निकला।

सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और गंभीर अवस्था में जुगरू केंवट को इलाज के लिए पास के निजी हास्पिटल में ले गई। जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने भाई फागूराम केंवट की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 106, 1 के तहत स्कार्पियों जब्त कर ड्राइवर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सी-केयर्स पोर्टल को और अधिक प्रभावी बनाने दिया जोर

## पीएफ-पेंशन मामले को लेकर एसईसीएल निदेशक ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल के निदेशक (एचआर) बिरंची दास ने 22 अप्रैल को कंपनी मुख्यालय बिलासपुर में पीएफ- पेंशन से संबंधित मामलों के शीघ्र एवं सुगम निपटान के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण बैठकें कीं।

■ **सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके परिजनों को हरसंभव सहायता मिलेगी**

प्रथम बैठक में सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सीडेक) तथा सीएमपीएफओ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए श्री दास ने सी कारेस पोर्टल के माध्यम से पीएफ-पेंशन मामलों का न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान की जाए। बैठक में सी- कारेस पोर्टल के तकनीकी एवं प्रायोगिक पहलुओं की समीक्षा कर उसमें सुधार करने सुझाव दिए। पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया ताकि यह और अधिक सुलभ, भरोसेमंद व परिणामकारी बन सके।



क्षेत्रीय अफसरों से चर्चा करते एसईसीएल के निदेशक (एचआर) बिरंची दास।

### सीएमपीएफ़ओ को लेकर क्षेत्रीय अफसरों से चर्चा

दूसरी बैठक में श्री दास ने सीएमपीएफ़ओ बिलासपुर एवं जबलपुर के क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ चर्चा की। इसमें सीएमपीएफ़ नंबर अलॉटमेंट, पेंशन पेमेंट ऑर्डरएवं संशोधित पीपीओ जारी करने की प्रक्रियाओं में बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विधवा पेंशन, पुराने लंबित पीएफ प्रकरण, संशोधित पीपीओ तथा एनसीडब्ल्यू-11 के लागू होने के पश्चात पेंशन पुनरीक्षण से जुड़े मुद्दों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। श्री दास ने कहा कि पेंशन लाभार्थियों को इन प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक करना भी उतना ही आवश्यक है, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हुए समय पर लाभ प्राप्त कर सकें।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में रीजनल कमिश्नर 1 हरी पचौरी हैदराबाद, जॉइंट डायरेक्टर सीडेक बैंगलोर मोहित वेद, रीजनल कमिश्नर - 1 सीएमपीएफ़ओ बिलासपुर जेएस राय, रीजनल कमिश्नर - 2 सीएमपीएफ़ओ जबलपुर पीके जैन सहित एसईसीएल के विभिन्न संचालन क्षेत्रों के एचआर अधिकारियों एवं मुख्यालय के अधिकारी मौजूद थे।

## करंट से मौत, जांच में लग गए चार साल

**बिलासपुर।** सड़क चौड़ीकरण में बिजली शिफ्टिंग के दौरान करंट लगने से गिरकर मजदूर की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस को जांच करने में 4 साल लग गए। ले देकर जांच पूरी करने के बाद ठेकेदार व पेटी कांट्रेक्टर के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। उसके बाद भी पुलिस दोनों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 5 जून 2021 को धुरीपारा से लोखंडी रोड तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान बिजली शिफ्टिंग का कार्य रतनपुर निवासी सूरज पोर्ते 25 साल कर रहा था। जम्फर जोड़ते समय वह करंट की चपेट में आ गया और खंभा से नीचे गिर गया, जहां उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर खानापूर्ति कर लिया था। आलम यह है कि पुलिस को मर्ग की जांच करने में 4 साल लग गए। जांच के दौरान पाया गया कि बिजली शिफ्टिंग कार्य का ठेका बिलासपुर निवासी शरद मुरारका को मिला था और उन्होंने जांजगीर अकलतरा निवासी भगत कौशले को पेटी कांट्रेक्टर के रूप में काम दिया था। घटना के दिन कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराया गया था। जांच के बाद 21 अप्रैल 2025 को सिविल लाइन पुलिस ने ठेकेदार व पेटी कांट्रेक्टर के खिलाफ आईपीसी की धारा 304 ए, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर फिर खानापूर्ति कर लिया है। पुलिस आरोपी ठेकेदार व पेटी कांट्रेक्टर को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

## खबर संक्षेप



### चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर संचालित हुए निगम के प्याऊ

**कोरबा।** बढ़ती गर्मी में राहगीरों, जरूरतमंदों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी जोन के प्रमुख चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर अस्थाई प्याऊ स्थापित किए गए हैं। साथ ही अन्य स्थानों पर भी प्याऊ स्थापित कराए जा रहे हैं ताकि राहगीरों, नागरिकों को ठंडा पेयजल सुगम रूप से उपलब्ध हो सके। महापौर एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय द्वारा बढ़ती गर्मी के मद्देनजर चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर अस्थाई प्याऊ खोलने के निर्देश जोन कमिश्नरों को दिए गए थे, निगम के सभी जोनांतर्गत प्रमुख चौक-चौराहों पर प्याऊ का संचालन आज से प्रारंभ कर दिया गया है। महापौर एवं आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इन अस्थाई प्याऊ घरों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए तथा घड़ों में प्रतिदिन शुद्ध एवं ताजा पानी डाल कर रखा जाए, ताकि लोगों को इन प्याऊ घरों के माध्यम से शुद्ध व ताजा ठंडा पेयजल पीने हेतु मिल सके। उन्होने आवश्यकतानुसार और अधिक चौक-चौराहों में अस्थाई प्याऊ खोलने तथा पूरे ग्रीष्म ऋतु में उनका नियमित संचालन कराए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं।

### बीमार मां का उपचार कराने गई सहायिका को सुपरवाईजर ने थमाया नोटिस

**कोरबा।** कटघोरा विकासखंड अंतर्गत आने वाले चाकाबुड़ा सेक्टर की एक आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका को अपनी बीमार मां को देखने जाना और उपचार कराना भारी पड़ गया। केंद्र में अनुपस्थित पाकर सेक्टर सुपरवाइजर ने आंगनबाड़ी की सहायका को नोटिस थमाते हुए अभद्रतापूर्वक व्यवहार किया। जिसकी शिकायत सहायिका के द्वारा जिला प्रशासन से की है। चाकाबुड़ा सेक्टर के आंगनबाड़ी केंद्र आमापुर में सहायिका के पद पर पदस्थ गीता बाई पदस्थ है। 14 अप्रैल को शासकीय छुट्टी थी उसके एक दिन पूर्व 13 अप्रैल को उसकी मां की तबियत खराब होने पर वह अपने भाई के साथ उपचार के लिए मां को अस्पताल में भर्ती कराने कांजीपानी गई हुई थी। इस दौरान 14 अप्रैल को चाकाबुड़ा सेक्टर के पर्यवेक्षक रामकुमार यादव शासकीय अवकाश के दिन भी आंगनबाड़ी केंद्र आमापुर निरीक्षण करने पहुंची और सहायिका को अनुपस्थित देख मोबाइल फोन में अभद्र व्यवहार करते हुए धमकी दी गई। लगातार इस तरह के अभद्र व्यवहार किए जाने से सहायिका सीताबाई मानसिक रुप से प्रताड़ित है जिसकी शिकायत उन्होंने जिला प्रशासन एवं परियोजना अधिकारी कटघोरा में भी की है। पत्र में उसने शासकीय अवकाश का हवाला देते हुए कहा है कि अवकाश के दिन किस नियम के तहत निरीक्षण कर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर उनकी नौकरी को खतरे में डाला गया है।

### तीन दिवसीय मानस सत्संग का हुआ आयोजन



**कोरबा।** स्वामी भजनानंद वनवासी आश्रम केंदई में तीन दिवसीय मानस सत्संग विद्वान एवं साधु संत के द्वारा रामचरित मानस सत्संग पाठ जिससे आदिवासी परिवार धर्म को समझे पालन करें। मानस में पारिवारिक जीवन कैसे जीया जाता है पिता भाई एवं समाज के प्रति एक जीव का क्या धर्म है दया भावना सत्य अहिंसा दया भावना, मनुष्य में होना आवश्यक, है यह तब संभव है जब आहार शुद्ध होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में वनवासी पहुंचे हुए थे। संचालिका साध्वी गिरिजेस नंदिनी ने लोगों से अपील की है कि इस सत्संग में शामिल होकर पूण्य का लाभ अर्जित करें।

### संविधान गौरव अभियान के तहत कुर्रे सम्मानित



**कटघोरा।** अंबेडकर जयंती के अवसर पर सतनामी समाज के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री संतोष देवांगन एवं मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग अपनी पूरी टीम के साथ सत्य विकास समिति कटघोरा के अध्यक्ष, अधिवक्ता रामविलास कुर्रे के कार्यालय पहुंच कर साल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला महामंत्री संतोष देवांगन ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा ही बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर के मार्गदर्शन पर गरीबों, वंचितों के विकास की लेकर कार्य कर रही है, संविधान को लेकर विपक्षी दल हमेशा षडयंत्र रच कर लोगों को गुमराह कर रही है, संविधान हम सभी का गौरव है इसके साथ चलकर ही हमे आगे बढ़ना है, राष्ट्र को आगे बढ़ाना है, इस दौरान वार्ड पार्षद राजू दिवान, डाकेश्वर शुक्ला, समजीत सिंह, राजेंद्र टंडन उपस्थित रहे।

---

एसईसीएल मुख्यालय में 10 दिनों के भीतर मांगों को पूरा करने के आश्वासन पर आंदोलन हुआ समाप्त

# भूविस्थापितों ने कुसमुंडा व गेवरा खदान की बंद, कोल उत्खनन व डिस्पैच कार्य बाधित



हड़ताल से खदान में खड़े कोयला लदे वाहन।




प्रदर्शन करते किसान सभा के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की खदानों से प्रभावित भूविस्थापितों ने छत्तीसगढ़ किसान सभा और भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के नेतृत्व में कुसमुंडा व गेवरा खदान बंदी आंदोलन शुरू कर दिया। आंदोलन की वजह से कुसमुंडा व गेवरा खदान में घंटों तक कोल उत्खनन व परिवहन कार्य बाधित रहा। भूविस्थापितों के आंदोलन को देखते हुए प्रबंधन ने एसईसीएल बिलासपुर मुख्यालय में चर्चा के साथ 10 दिनों के भीतर लंबित रोजगार प्रकरणों के निराकरण के आश्वासन के बाद भूविस्थापितों ने आंदोलन समाप्त कर दिया। भूविस्थापितों ने 15 दिनों में मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो 7 मई को फिर खदान बंदी आंदोलन की चेतावनी दी है।

छत्तीसगढ़ किसान सभा और भू विस्थापित रोजगार एकता संघ द्वारा एसईसीएल के खदानों से प्रभावित भू विस्थापित किसानों की 10 सूत्रीय मांग को लेकर एसईसीलए के सीएमडी को खदान बंदी की चेतावनी दी थी। इसी कड़ी में एसईसीएल के कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, कोरबा क्षेत्र के प्रभावित गांव के भूविस्थापितों ने लंबित रोजगार प्रकरणों का तत्काल निराकरण, खमहरिया की जमीन किसानों को वापस करने, आउट सोर्सिंग कार्यों में प्रभावित भूविस्थापितों को रोजगार प्रदान करने, लंबित रोजगार प्रकरणों के निराकरण, नए पुराने नाम पर मुआवजा कटौती बंद करने, विस्थापित सभी परिवार को बसावट देने एवं बसावट गांव में मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने की मांग को लेकर कोल इंडिया के मेगा प्रोजेक्ट कुसमुंडा खदान में मंगलवार की सुबह 6 बजे से कोल परिवहन बाधित कर हड़ताल शुरू की। वहीं कुछ घंटों बाद गेवरा खदान में भी भूविस्थापितों ने कोल परिवहन बाधित कर दिया। भूविस्थापित दोनों खदानों के अलग-अलग फेस में पहुंचे और खदान में कोयला परिवहन कर रहे भारी मालवाहक वाहनों को रोक कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। भूविस्थापितों के आंदोलन की वजह से गेवरा व कुसमुंडा खदानों में घंटों तक कोयला उत्खनन व डिस्पैच कार्य बाधित रहा। आखिरकार प्रबंधन हरकत में आया और भूविस्थापितों को एसईसीएल बिलासपुर मुख्यालय में चर्चा के साथ 10 दिनों के भीतर लंबित रोजगार प्रकरणों के निराकरण के आश्वासन का आश्वासन दिया। प्रबंधन के लिखित आश्वासन के बाद आखिरकार भूविस्थापितों ने अपना खदानबंदी आंदोलन समाप्त कर दिया। जिसके बाद खदानों में कतार लगाकर खड़े कोयला लोड वाहनों का परिवहन शुरू किया।

---

# सर्पदंश से किशोरी की मौत, फांसी लगाकर छात्र ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में दो किशोरी की मौत हो गई है। जहां एक कक्षा 9वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है तो वहीं दूसरी ओर एक 17 वर्षीय किशोरी को एक जहरीले सर्प ने डस लिया जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भदरापारा की है। यहां निवासरत जानवी राजपूत 15 वर्ष पिता शिवम राजपूत कक्षा 9वीं की छात्रा थी जिसका कुछ दिन पहले ही स्कूल में रिजल्ट आया था जिसमें उसने अच्छे अंकों से उत्तीर्ण भी कर लिया था लेकिन न जाने ऐसा क्या हुआ कि जानवी ने अपने घर के म्यार में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जब परिजनों को पता चला तो उनके होश उड़ गए और आनन फानन में फंदे से नीचे उतारकर जानवी को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन भी सकते में है कि आखिर जानवी ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठा लिया। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। संभावना जताई जा रही है कि जानवी को जिन अंकों से उत्तीर्ण होना था उस अंकों में उत्तीर्ण नहीं हुई जिससे संभवतः उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है। दूसरी घटना कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरदेव की है। यहां निवासरत भारती कुमारी 17 वर्ष पिता लखनलाल को एक जहरीले सर्प ने डस लिया। परिजनों को पता चलने पर उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

# 6 आरोपियों के कब्जे से 61 लीटर अवैध शराब जब्त



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जप्त शराब।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुशासन तिहार के अंतर्गत जिला पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश में थाना हरदीबाजार, उरगा एवं करतला पुलिस द्वारा कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

इस दौरान कुल 61 लीटर कच्ची देशी महुआ शराब, शराब निर्माण हेतु प्रयुक्त उपकरण तथा एक मोटरसाइकिल जप्त की गई। पकड़े गए आरोपियों में थाना हरदीबाजार में ग्राम रामपुर निवासी मोतीलाल मरावी उम्र 50 वर्ष पिता बोधन सिंह मरावी, रामलाल कुर्रे उम्र 50 वर्ष पिता उमेद राम कुर्रे, श्रवण कुमार मरकाम उम्र 43 वर्ष पिता शत्रुघ्न मरकाम, कृष्णनंद पोर्ते उम्र 45 वर्ष पिता स्व. छेदीलाल पोर्ते के कब्जे से अवैध शराब जप्त किया गया है तथा एक हीरो डिलक्स मोटरसाइकिल जप्त किया गया है। इसी तरह उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम बरीडीह निवासी रामेश्वर प्रसाद सोनवानी, उम्र 40 वर्ष पिता तुझे राम तथा थाना करतला क्षेत्र से ग्राम रीवाबाहर निवासी फोटू राम सतनामी, पिता इतवारी सतनामी के कब्जे से अवैध शराब जप्त किया गया है।

---

# सीजी बोर्ड से मान्यता लेकर निजी स्कूल चला रहे निजी प्रकाशकों की किताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग से मान्यता लेकर निजी स्कूल चलाने वाले कमेटियों के द्वारा निजी प्रकाशकों की किताबें चलाए जाने से अभिभावकों पर सिलेबस के खर्च पर भारी दबाव पड़ रहा है। जबकि शासन की ओर से निःशुल्क किताब योजना अंतर्गत निजी स्कूलों को भी अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम की किताबें उपलब्ध कराई जाती है। उसके बाद भी निजी स्कूल प्रबंधन मनमानी करते हुए निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदने अभिभावकों को मजबूर कर रहे हैं।

**खास बातें**

- शासन के द्वारा नि :शुल्क किताबों की सुविधा निजी स्कूलों को भी जाती है
- अभिभावकों में निजी स्कूलों के सिलेबस का पड़ रहा भारी दबाव



**चार हजार से अधिक है सिलेबस का खर्च**

निजी स्कूल प्रबंधन के द्वारा अपने हिसाब से जो सिलेबस स्कूलों में चलाया जा रहा है उनका खर्च छोटी कक्षा से लेकर बड़ी कक्षा तक 4 से 7 हजार तक पड़ता है। प्री प्रायमरी से लेकर प्रायमरी स्कूल तक का सिलेबस का खर्च 4 हजार के लगभग पड़ता है। इसके बाद भी शिक्षा विभाग के द्वारा निजी स्कूल प्रबंधन की सिलेबस के संबंध में किसी तरह की कोई बैठक नहीं ली गई। जबकि स्कूल खुलने के पूर्व शिक्षा विभाग द्वारा निजी स्कूलों की बैठक लेकर उन्हें फीस के संबंध में शासन के दिशा निर्देशों से अवगत कराया जाता है। किंतु सिलेबस को लेकर किसी तरह के प्रावधान होने के संबंध में निजी स्कूल प्रबंधन को कोई निर्देश नहीं दिए जाते। फलस्वरुप निजी स्कूल प्रबंधन निजी प्रकाशकों की किताब चला रहे हैं।

प्रायवेट स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने वाले अभिभावकों को सामने इस समय सिलेबस का खर्च भारी पड़ रहा है। जिले में चलने वाले सभी प्रायवेट स्कूलों को राज्य शासन से मान्यता दी गई है। राज्य शासन द्वारा दी जाने वाली सभी तरह की सुविधाएं निजी स्कूल प्रबंधन उठाते हैं। मान्यता लेने के बावजूद निजी स्कूल प्रबंधन अपनी मनमर्जी से सिलेबस तैयार कर अभिभावकों को किताबें खरीदने में मजबूर करते हैं। जबकि राज्य शासन का स्कूल शिक्षा विभाग निजी स्कूलों को मान्यता देता है व निःशुल्क किताबें उपलब्ध कराता है उसके बाद भी निजी स्कूल प्रबंधन शासन के सिलेबस के अलावा अपना शैक्षणिक स्तर ऊंचा दिखाने के लिए तमाम तरह की निजी प्रकाशकों की किताबें सिलेबस में शामिल कर अभिभावकों के उपर उन्हें खरीदने के लिए दबाव बनाता है। इसकी शिकायतें कुछ अभिभावकों ने जिला शिक्षा अधिकारी से भी की है किंतु विभाग के द्वारा भी निजी स्कूल प्रबंधन को नोटिस देना भी जरुरी नहीं समझा। ऐसे ही एक अभिभावक मनीष जायसवाल ने बताया कि छग शासन से मान्यता लेकर स्कूल चलाने वाले निजी स्कूल प्रबंधन अपनी मर्जी से सिलेबस चला रहे हैं। शिक्षा विभाग का कोई नियंत्रण इन स्कूल प्रबंधनों पर नहीं है। प्रतिवर्ष 8 से 10 प्रतिशत फीस बढ़ाई जा रही है ऐसे ही कई अभिभावक हैं जो निजी स्कूल प्रबंधनों के दबाव में शिकायत भी नहीं कर पाते।

### सूने मकान में चोरी, हजारों का माल पार

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत प्ला.ट नं 794 डॉ राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस-1 कोसाबाडी निवासी प्रमोद कुमार गुप्ता पिता स्व रामकृष्ण गुप्ता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 21 अप्रैल को वह अपने निवास स्थान में शांम लगभग 6.30 बजे पहुंचा तब घर के अंदर का ताला खोलने पर टीवी, आलमारी, 2 पीस सोफा, रेक, ट्रंक, शो वाली आलमारी, 2 स्टील आलमारी नगदी धन राशि, दस्तावेज राशन आदि आदि समानो को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरु कर दिया है।

### पुलिस ने 130 गुमशुदा व्यक्तियों को सकुशल किया बरामद

**कोरबा।** कोरबा पुलिस द्वारा गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश हेतु चलाए जा रहे सतत एवं संवेदनशील प्रयासों के अंतर्गत 1 जनवरी से अब तक कुल 130 गुमशुदा व्यक्तियों को सकुशल बरामद किया गया है। बरामद किए गए व्यक्तियों में 12 बालक, 29 बालिकाएं, 41 पुरुष, 58 महिलाएं शामिल हैं। जिला पुलिस द्वारा बरामद सभी व्यक्तियों को परिजनों के सुपुर्द किया गया है। इस कार्य में जिले के समस्त पुलिस थानों की सक्रिय भागीदारी रही है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# तेज गर्मी के बीच स्कूलों में 25 से अवकाश घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लू को देखते हुए विद्यालयों के ग्रीष्मकालीन अवकाश की तिथि में आंशिक संशोधन किया है। पूर्व आदेश में 20 सितंबर 2024 के अनुसार यह अवकाश 1 मई से 15 जून तक निर्धारित था।

अब संशोधित आदेश के तहत ग्रीष्मकालीन अवकाश 25 अप्रैल से प्रारंभ होकर 15 जून तक रहेगा। यह संशोधन शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त तथा अशासकीय सभी शालाओं पर लागू होगा। शिक्षकों पर यह आदेश लागू नहीं होगा और पूर्व आदेश की अन्य सभी शर्तें यथावत बनी रहेंगी। छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन ने यह निर्णय लिया है ताकि उन्हें गर्मी से होने वाली परेशानियों से बचाया जा सके। छत्तीसगढ़ प्रदेश ने विद्यालयीन छात्रों को बड़ी राहत दी है। भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए प्रदेश के सभी विद्यालयो में ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा कर दी गई है। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी स्कूलों को आदेश भी जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार 25 अप्रैल से 15 जून तक गर्मी की छुट्टी रहेगी। जिले में पिछले एक सप्ताह में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक चल रहा है। झुलसे गर्मी में नौनिहाल स्कूलों से घर पहुंच रहे थे। 22 अप्रैल को जिले का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिसे देखते हुए अभिभावकों ने स्कूलों में अवकाश घोषित करने की मांग की थी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक: 23 मई 2025, 06 जून 2025, 14 अगस्त 2025, 11 सितंबर 2025, 03 अक्टूबर 2025, 10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)